(d) if so, whether Government piopose to adopt uniformity for ail public sector banks in maintaining minimum balance in savings accounts and also to safeguard the interest of small investors; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKARA MURTHY): (a) Yes, Sir.

(b) Details are not readily avail able.

(c) to (e) Reserve Bank of India (RBI) have reported that they have not issued any guidelines *to* banks regarding stipulation of minimum balance in savings bank account. However, Indian Banks' Association have advised its member banks that each bank should fix the minimum balance as ctnsidered appropriate.
The minimum balance in saving bank account is prescribed by individual banks after taking into account cost of servicing such accounts, etc.

Demand to Amend Chit Funds Act

6032. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the attention of Gov ernment has been drawn to the news-item captioned "Demand to amend Chit Funds Act" which appear ed in the 'Statesman' dated 10th April, 1995;

(b) if so, whether there are per sistent demands to amend the Chit Funds Act;

(c) whether Government propose to bring amendments in the Act; and

(d) if so, by when and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKARA MURTHY): (a) Yes Sir.

(b) Reserve Bank of India has reported that demand for amendment to the Chit Funds Act had been made by fora of Chit Fund companies.

(c) and (d) Reserve Bank of India have suggested to Government certain amendments to the Chit Funds Act, 192 which are under consideration.

सकल घरेलू बचत

6033. श्रीमती सुषमा स्वराज :

श्री राम जेठमलानी :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में सकल घरेलू बचत का प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में गत कुछ वर्षों से निरन्तर कम होता जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1990-91 और 1994-95 के दौरान सकल घरेलू बचत कितने-कितने प्रतिशत थी ;

(ग) क्या यह सच है कि इन वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र में बचत का प्रतिशत गैर-सरकारी क्षेत्र में बचत के प्रतिशत की तुलना में बहुत कम रहा है ;

(घ) यदि हां तो वर्ष 1990-91 तथा 1994-95 के दौरान क्रमश: गैर-सरकारी क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र में कुल घरेलू बचत का प्रतिशत कितना कितना था ;

(ङ) क्या सरकार ने उन कारणों का पता लगाया है, जिसकी वजह से गैर-सरकारी क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र में बचतों के प्रतिशत में अन्तर रहा है ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (च) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन से उपलब्ध नवीनतम आकड़ों के अनुसार वर्ष 1990–91 से 1993–94 के दौरान इसके मुख्य संघटकों सहित सकल घरेलू बचतों में प्रवृत्तियां निम्नानुसार हैं :—

चालू बाजार कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद की प्रतिशतता के रूप में संस्था की तरह घरेलू बचतों की दर

	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 त्व० अनु०
1. घरेलू क्षेत्र . .	19.96	17.82	15.50	15.95
2. निजि निगमित क्षेत्र . .	2.70	3.16	2.96	3.96
3. सार्वजनिक क्षेत्र जिनमें : .	1.02	2.07	1.55	0.25
सार्वजनिक प्राधिकरण .	−2.11	−1.36	−1.23	−2.68
गैर विभागीय उद्यम .	3.13	3.42	2.78	2.93
4. सकल घरेलू बचतें .	23.68	23.05	20.01	20.16

त्व० अनु०-त्वरित अनुमान

नोट : आंकड़ों को पूर्ण करने के कारण नहीं जोड़ा जाए ।

विदेशी सहायता

6034. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान देश को विदेशी वित्तीय संस्थाओं से विभिन्न रूपों में विदेशी सहायता प्राप्त हुई है ;

(ख) यदि हां, तो इन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष कुल कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उपरोक्त वर्षों के दौरान इन विदेशी वित्तीय संस्थाओं को कर्ज की किस्त के भुगतान तथा ब्याज के रूप में भुगतान प्रतिवर्ष किये गए हैं ;

(घ) यदि हां, तो वर्ष 1992-93 1993-94 और 1994-95 में अलग-अलग कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है ;

(ङ) इन वर्षों के अन्त में देश पर कुल कितनी राशि के विदेशी ऋण बकाया थे ;

(च) क्या सरकार ने इन वर्षों में अलग-अलग वर्ष में प्राप्त आर्थिक सहायता को देश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश किया है ; और

(छ) यदि हां, तो उपरोक्त वर्षों में प्रत्येक वर्ष कितनी-कितनी राशि किस-किस क्षेत्र में निवेश की गई है ?